MyCARE

मेरे साथ, हर कदम पर



# “आइए कुछ सहायक सुझाव जानें **इंसुलिन के सुरक्षित भंडारण** के लिए”

USV

इंसुलिन का उपयोग करने से पहले
उसके **एक्सपायरेशन (समापन)**
**का दिनांक जाँच लें,**
और उसके समापन दिनांक के बाद
किसी भी इंसुलिन का **उपयोग नहीं करें.**



सीलबंद शीशी/पेन/कार्ट्रिज को **2-8 डिग्री सेल्सियस के बीच रेफ्रिजरेट** किया जाना चाहिए.




**फ्रीज़र-** 2 डिग्री सेल्सियस के नीचे भंडारित नहीं करें

**मध्य रैक-** इंसुलिन भंडारण की सही जगह

**वेजिटेबल ट्रे-** 8 डिग्री सेल्सियस से ऊपर भंडारित नहीं करें

**इंसुलिन को** सीधे सूर्यप्रकाश में/
कार ग्लव कंपार्टमेंट (अत्यंत गर्म)
या फ्रीज़र (अत्यंत ठंडा) में
**भंडारित नहीं करें.**




## इंसुलिन को कभी फ्रीज़ नहीं करना चाहिए.

यदि गलती से फ्रीज़ कर दिया है तो इंसुलिन को फेंक दें.



उत्पादक द्वारा
भंडारण के संबंध में दिए गए
विशिष्ट सुझावों का **ठीक से
पालन किया जाना चाहिए.**




**एक बार वायल/पेन को खोल दिए जाने पर उसे सामान्य तापमान (<30 डिग्री सेल्सियस) पर रखें.**

सामान्य तापमान पर इसकी भंडारण अवधि करीब 4 सप्ताह होगी.





आप वायल/पेन का निपटारा करने के लिए दिनांक लिख सकते हैं.


यदि रेफ्रिजरेटर उपलब्ध नहीं है या बिजली की स्थिति ठीक नहीं है तो **इंसुलिन को किसी ठंडी, हवादार और अंधेरे स्थान पर** सूर्यप्रकाश से दूर **रखना चाहिए.**



हर उपयोग के बाद **नीडल**
को पेन से **निकाल लें**
ताकि इंसुलिन का रिसाव न हो पाए.




यात्रा के दौरान, यदि वातावरण का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक है **तो इंसुलिन वायल/पेन को रेफ्रिजरेटेड कूलैंट जैल पैक के साथ किसी पाउच** या बर्फ वाले ठंडे थर्मोफ्लास्क में **रखें.**



यात्रा के दौरान, अत्यधिक तापमान से संपर्क टालने के लिए


**इंसुलिन को चेक्ड-इन बैगेज में नहीं रखें.**



सिरिंज में इंसुलिन लेने से पहले **वायल को** यह सुनिश्चित करने के लिए **सतर्कता से जाँच लें** कि इंसुलिन सामान्य तो दिख रही है. यदि आपको कोई कण, क्रिस्टल्स, फ्रॉस्टिंग या इंसुलिन का रंग बिगड़ा हुआ लग रहा है तो उसे फेंक दें.




**जाँच लें:**
कणों या रंग बिगड़ा तो नहीं है




**जाँच लें:**
फ्रॉस्टिंग या क्रिस्टल्स या गट्ठे या छोटे कणों के लिए

**टिप्पणी:** सामान्य इंसुलिन/ग्लार्गिन स्पष्ट है और एनपीएच/प्रिमिक्स इंसुलिन धुंधला है.



“याद रहे,

**इंसुलिन का सुरक्षित तरीके से भंडारण करना महत्वपूर्ण है**

क्योंकि अत्यंत गर्म या ठंडे तापमान के कारण इंसुलिन अपनी क्षमता खो सकता है और इससे उसकी कार्यक्षमता बिगड़ सकती है.”

# MyCARE

मेरे साथ, हर कदम पर

## संदर्भ


1. इंसुलिन स्टोरेज एंड सिरिंज सेफ्टी | ADA. Diabetes.org. (2022). 6 जुलाई 2022 को https://www.diabetes.org/healthy-living/medication-treatments/Insulin-other-injectables/Insulin-storage-and-syringe-safety से रिट्रीव किया गया.

2. चौधुरी, एस. और चक्रबर्ती, पी.पी. (2017). एरर्स ऑफ इंसुलिन थेरेपी: रीयल–लाइफ एक्सपीरिएंसेस फ्रॉम डेवलपिंग वर्ल्ड/ जर्नल ऑफ फैमिली मेडिसिन एंड प्रायमरी केयर, 6(4), 724- 729. https://doi.org/10.4103/jfmpc.jfmpc_418_16

3. टंडन एन, कालरा एस, बलहारा वाईपी, बरुआ एमपी, चड्ढा एम, चांदलिया एचबी, एट अल. फोरम फॉर इंजेक्शन टेक्नीक एंड थेरेपी एक्सपर्ट रिकमेंडेशन्स, इंडिया. द इंडियन रिकमेंडेशन्स फॉर बेस्ट प्रैक्टिस इन इंसुलिन इंजेक्शन टेक्नीक, 2017. इंडियन जे एंडोक्रि मेटाब 2017;21:600-17.



**Disclaimer:**
"The guide/presentation/content/literature is for general information, guidance and educational purposes only and is not complete or exhaustive. The guide/ presentation/content/literature is not intended or implied to replace or substitute any current practice and or advice/guidance/diet provided by healthcare professionals. This guide/presentation/content/literature does not constitute any treatment/therapy/medication/diet/opinions for any patients who are on diabetes medication, the patients are required to prior consult their healthcare professional before acting on any change on treatment/therapy/ medication/diet and or opions. USV Private Limited makes no representations as to accuracy, completeness, correctness, suitability or validity of any information contained in this guide/presentation/content/literature and will not be liable for any losses, injuries or damages arising from its use."

जनहित में जारीकर्ता USV